तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024

10 ग्रामीण अंचलों में श्रीराम नाम की गूंज



10 छड़िया में कर्मा जयंती की रही धूम...





## खबर संक्षेप

### नर्सिंग प्रवेश के लिए 11 अंतिम तिथि

**मुड़पार सरसीवां।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी जून–जुलाई से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। जिसके पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है। इसी प्रकार पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 14 अप्रैल 2024 है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट (व्यापमं डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन) है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

### नि:शुल्क नेत्र रोग जांच शिविर 11 को

**गिधौरी।** नारायण सेवा समिति शिवरीनारायण एवं एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर के तत्वावधान में 11 अप्रैल को शिवरीनारायण में नि:शुल्क नेत्र रोग, मोतियाबिंद जांच व परामर्श शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. तुस्मा रोड में किया जाएगा। बीते कई वर्षों से निरंतर सेवा भाव से यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोतियाबिंद जांच एव निदान, मशीन द्वारा चश्मे की नम्बर जांच, आर्थिक रुप से कमजोर मरीजों के लिए नि:शुल्क आपरेशन, आने-जाने ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था किया जाता है। आयोजक राजेश अग्रवाल, पवन सुल्तानिया, नटवर अग्रवाल, अशोक सुल्तानिया, आशीष केशरवानी, अंकुर गोयल शामिल है।

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। खल्लारी पुलिस ने बताया है कि आरोपी सुनील मेहर पिता आशाराम ग्राम पचेड़ा एक नाबालिग लड़की के घर में जबरदस्ती घुस कर उसके साथ गलत व्यवहार करने लगा। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 457, 354 भादवि 8, 10 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

### चाकू की नोक पर दो लोगों से लूटपाट

**महासमुंद।** तुमगांव थाना से चाकू दिखाकर दो लोगों से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी राहुल साहू एवं उसके 2 अन्य साथियों ने मिलकर अछोला शराब दुकान के सामने प्रार्थी खुमान साहू पिता नारद (42) खौली थाना खरोरा से 13650 रुपए और एवं प्रार्थी बलराम निषाद पिता लखन (38) गढ़सिवनी से 17990 रुपए लूटकर भाग निकले। दोनों प्रार्थियों की अलग-अलग रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 394, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घर में रखी नगद रकम की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा में घर से दराज मे रखे नगद रकम की चोरी का मामला सामने आया है। प्रार्थी नागेश कौशिक पिता बिहारी लाल (46) मेन रोड बागबाहरा रिपोर्ट लिखाई है कि किसी अज्ञात चोर द्वारा घर का दरवाजा तोड़ दराज में रखे 2 लाख 25 हजार रुपए की चोरी कर ली गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम किया गया है।

### खेत से पंप की चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुसकी के खेत से 3 एचपी मोटर पंप की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी से प्रार्थी सहदेव ध्रुव पिता स्व.विश्राम (59) मुसकी के खेत से 3 एचपी मोटर पंप कीमत 7 हजार रुपए को किसी अज्ञात शख्स ने चोरी कर लिया।

# हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में शहर में निकलेगी भव्य प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

हिंदू नववर्ष संवत 2081 प्रारंभ होने जा रहा है, इसके उपलक्ष्य में विगत दो वर्षों से पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी के द्वारा बनाए गए संगठन धर्म-संघ, पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के द्वारा भव्य प्रभात फेरी राम सप्ताह चौक से संकीर्तन करते हुए निकाली जाएगी। कल सुबह 5:30 बजे राम नाम सप्ताह चौक से यह प्रभातफेरी एकादशी के दिन क्षेत्र के कल्याण, प्रत्येक जीव के कल्याण, गौ माता की सेवा और गौ हत्या बंद होने का संकल्प लेकर निकाली जाएगी।

## गौ माता की सेवा और गौ हत्या बंद होने का संकल्प लेकर निकाली जाएगी प्रभातफेरी



### प्रभातफेरी में शामिल होने की अपील

सभी क्षेत्रवासियों से प्रभात फेरी में शामिल होने की अपील करते हुए भाटापारा पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी क्षेत्र की सभी धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, सनातन धर्म की रक्षा के लिए कार्य करने वाले संगठनों, गौ सेवा समिति, गौ रक्षा संगठन, व्यापारी संगठन एवं अन्य सभी से यह अपील करता है कि क्षेत्र के कल्याण की भावना से एवं वास्तविक हिंदू नववर्ष का सभी लोगों को ज्ञान हो सके, इसके लिए 9 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 5:30 राम सप्ताह चौक में पहुंचकर प्रभात फेरी में शामिल हों।

### हिंदूराष्ट्र अभियान शीघ्र होगा पूरा

पुरी शंकराचार्य जी ने आज से ढाई वर्ष पूर्व यह घोषणा की थी कि साढ़े तीन वर्ष में भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो जाएगा। जिसमें मात्र 1 साल और शेष रह गए हैं। इसी बीच पुरी शंकराचार्य जी ने अपने वृंदावन प्रवास में पुनः यह घोषणा की है कि साढ़े तीन माह में पूरे विश्व की स्थिति बदल जाएगी। पूरे विश्व को प्राकृतिक आपदाओं, विश्व युद्ध, गृह युद्ध, महामारी, भुखमरी जैसे हालातों का सामना करना पड़ेगा। उसके पश्चात भारत ही पूरे विश्व को दिशा प्रदान करेगा और विश्व गुरु के रूप में स्थापित होगा। भारत में पुनः राजतंत्र की स्थापना होगी।

## खुलासा : चोर गिरोह के एक अपचारी बालक सहित कुल 6 आरोपी गिरफ्तार

# इंजीनियर और चॉइस सेंटर संचालक निकले बाइक चोरों के सरगना, 55 वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

एक इंजीनियर और च्वाइस सेंटर के संचालक ने मिलकर शातिराना ढंग से चोर गिरोह तैयार किया और इसके बाद चोरी की दोपहिया वाहनों को बड़े आराम से बेचने लगे। यही नहीं आरोपी इतने शातिर थे कि चोरी की वाहनों के लिए फर्जी आरसी पेपर आदि भी तैयार करते थे और ग्राहकों को बकायदा स्टाम्प पेपर में लिखा, पढ़ी और नोटरी कराकर देते थे, ताकि उन पर शक की कोई गुंजाइश ही न रहे।मगर पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की 55 वाहने भी बरामद कर ली है।

पिक्सआर्ट एप : इस एप की सहायता से चोरी की मोटरसाइकिल का फर्जी पेपर तैयार किया जाता था। गिरोह के मुख्य आरोपी अमन खान द्वारा गूगल प्ले स्टोर में पिक्सआर्ट एपके जरिए, चोरी किये गए मोटरसाइकिल का फर्जी कागजात तैयार करने का काम करता था। इस ऐप की सहायता से फर्जी आरसी बुक एवं अन्य पेपर तैयार करता था, जो की हूबहू असली जैसे दिखते हैं। इसे किसी भी प्रकार से पहचान ▶▶ शेष पेज 09 पर

## गिरोह द्वारा फर्जी आरसी कार्ड बनाकर ग्राहकों को करते थे बिक्री

### एक इनपुट से गिरोह का हुआ खुलासा

इसी बीच निरीक्षक अमित पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम को एक आरोपी के संबंध में पता चला, जो की मोटरसाइकिल बिक्री हेतु ग्राहक ढूंढ़ रहा था। टीम ने पाया कि आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कई मौकों पर संदिग्ध रूप में देखा गया था। आरोपी को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया गया। इसके बाद आरोपी ने सारे राज खोलने शुरु कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वाहनों की चोरी के बाद उनका फर्जी कागज तैयार कर बिक्री किया जाता है। टीम ने सूचना के आधार पर कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए, गिरोह के 6 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है।



### ग्राहकों को नहीं होता था शक

इस प्रकार नए ग्राहक को चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने का पता ही नहीं चल पाता था। यह चोर गिरोह लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं एवं फर्जी कागजात तैयार करके ▶▶ शेष पेज 9 पर

### गिरोह ऐसे देता था वारदात को अंजाम

वाहन चोरी का तरीका-चोर गिरोह के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम कॉलोनी, पार्किंग स्थल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि में पार्क वाहनों की चोरी की जाती थी। इन वाहनों का फर्जी कागजात तैयार करने तक इन्हें छुपा कर रखा जाता था, ताकि किसी को पता ना चल सके।

### चॉइस सेंटर संचालक भी शामिल

चॉइस सेंटर संचालक अब्दुल कादिर द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल का फर्जी कागजात तैयार कर मुख्य आरोपी अमन खान को उपलब्ध कराया जाता था। यह गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से काम करता था। यह लोग भारत चॉइस सेंटर भाटापारा के संचालक अब्दुल कादिर के माध्यम से पिक्सआर्ट एप मोबाईल ऐप से तैयार किए गए फर्जी आरसी बुक का प्रिंट कराकर नए ग्राहक को विश्वास में लेने के लिए स्टाम्प पेपर से नोटरी कराकर ग्राहकों को बिक्री करते थे, जिससे आम लोगो को उनके साथ फर्जीवाडा होने का अंदेशा भी नहीं रहता था।

### चोरों को पकड़ने बनी थी विशेष टीम

जिले में लगातार हो रही दोपहिया वाहनों की चोरी ने पुलिस की नींद उड़ा रखी थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा एएसपी एवं एसडीओपी को विशेष टीम गठित करने कहा गया। इसके बाद पुलिस ने एक विशेष टीम बनाकर मामले की पड़ताल शुरु कर दी थी। शुरुआत में यह समझ नहीं आ रहा था कि आखिर चोरी की वाहनें खपाई कहां जा रही है? चोरी की वाहनें न तो लावारिश मिल रही थी और न ही इसे कोई चला रहा था। तो सवाल उठता लाजमी था कि चोरी की दोपहिया आखिर कहां जा रही थी? टीम ने इस मामले को सुलझाने के लिए तकनीकी बिंदुओं पर जांच प्रारंभ किया।सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर भी गिरोह का पता लगाने प्रयास जारी था।



## ट्रिपल ब्रेकर तो बनाया पर संकेतक लगाना भूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह

सैहा गुमा–रिसदा बस्ती से बीचो–बीच निकलने वाली मार्ग से क्षेत्र में निर्मित और निर्माणाधीन संयंत्रों में मालवाहक भारी वाहनों की आवाजाही से कई दुर्घटनाओं में अनेक लोग काल के गाल में समा चुके हैं। विदित हो गत दिनों रिसदा के एक छात्र को भारी वाहन ने चपेट में ले लिया था, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई थी। तपश्चात रिसदा में प्रारंभ से लेकर प्लांट तक ट्रिपल ब्रेकर 9 गुणित 3 बराबर 27 ब्रेकर बिना संकेतक चिन्ह, जेब्रा पट्टी एवं बिना सावधानी सूचक बोर्ड के इतने सारे ट्रिपल ब्रेकर का निर्माण करना और उसके बाद भी संकेत सूचक बोर्ड नहीं लगाने से अकस्मात दुर्घटना के शिकार होते राहगीर बाल–बाल बच रहे हैं। गत दिवस गांव के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने आए पूर्व विधायक नरेन्द्र मिश्रा ने कार्यक्रम में तालाब की ओर प्रस्थान करते पैदल मेहमानों की भीड़ और राहगीरों को ब्रेकरों में लड़खड़ाकर गिरते देखकर उन्होंने कहा कि ये जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों घोर की लापरवाही है। निर्मित ब्रेकर में संकेत सूचक, जेब्रा पट्टी और सावधानी संकेतक बोर्ड के बिना ब्रेकर निर्माण राहगीरों के साथ धोखा है।

# रोमांचक मुकाबले में बुचीपार बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम बुचीपार में महामाया क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यातिथि अभिनव यदु (जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव), अध्यक्षता नरेश ध्रुव जनपद सभापति, विशिष्ठ अतिथि भुनेश्वर ध्रुव सरपंच, मनराखन यदु, गोपाल शुक्ला, श्री वर्मा के द्वारा पुरुस्कार वितरण विजेता एवं उपविजेता टीम को किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच ग्राम बुचीपार एवं रोहरा के मध्य खेला गया। बेहद रोमांचक मैच में बुचिपार की टीम विजेता रही और रोहरा की टीम उपविजेता बनी। अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया गया एवं महामाया क्रिकेट क्लब को इतने अच्छे आयोजन के लिए बधाई दी। समापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष जगत्तू निषाद, उपाध्यक्ष मंगल ध्रुव, होरी साहू, लेखू साहू, मोनू, शिव साहू, खेलवान सेन, खुमान, प्रदीप, कमलेश, याशु सेन, थानेश्वर, रोहित ध्रुव, मुक्कू, तुलेंद्र एवं आसपास के ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी पहुंचा जेल

**हथबंद।** थाना हथबंद पुलिस द्वारा अप्राकृतिक शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले आरोपी पति तथा छेड़छाड़ करने वाले आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अ धी क्ष क सदानंद कुमार द्वारा अपराध रोकथाम एवं घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में समस्त थानों में लंबित प्रकरणों व दोषियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है।




# राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा के लिए 8 बच्चों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रस्तरीय कराते टूर्नामेंट के लिए जिला स्तरीय चयन शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा भवन में रखा गया था। जिसमें 8 बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर इनका राज्यस्तरीय प्रतियगिता के लिए चयन किया गया है।

इनबालक वर्ग से 6 और बालिका वर्ग से 2 खिलाड़ी शामिल हैं। सीनियर बालक वर्ग में धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन एवं सीनियर बालिका वर्ग में किरण साहू का नाम शामिल है। इसी तरह जूनियर वर्ग में शुभ सांकल यदु, हर्ष साहू और कैडेट वर्ग में मृत्युंजय साहू, अर्णव साहू, वैष्णवी साहू का चयन किया गया। यह स्पर्धा भिलाई में आयोजित होगी। एसजीएफआई कोच एवं नेशनल रेफरी जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के द्वारा राष्ट्रीय स्तर चयन हेतु बच्चों को दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। बच्चों के चयन पर चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू, प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सह ▶▶ शेष पेज09 पर

## मां कर्मा जयंती एवं महाआरती में शामिल हुए इंद्र साव

# विधायक ने श्रद्धालुओं संग देखी फिल्म, मेरी मां कर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज द्वारा माता कर्मा की 1008 वीं जयंती के पावन अवसर पर 5 अप्रैल को स्थानीय साहू छात्रावास, दानवीर भामाशाह चौक के पास समाजिक भवन में महाआरती कार्यक्रम में भाटापारा विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।



समाजिक पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के बाद विधायक इन्द्र साव के सौजन्य से स्थानीय सिटी सेंटर मॉल में प्रदर्शित धार्मिक हिन्दी फिल्म मेरी मां कर्मा, साहू समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य सहयोगियों के साथ स्वयं विधायक ने भी इस फिल्म को देखा। फिल्म देख कर विधायक ने इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक व अन्य सभी फिल्म में काम करने वाले कलाकारों, गीतकार, संगीतकार आदि व इस फिल्म में योगदान देने वाले सभी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस फिल्म को देखने वाली नई पीढ़ी को साहू समाज की इष्ट देवी माता कर्मा को जानने-समझने की सीख मिलेगी। दर्शकों के बीच भक्ति भाव की अविरलधारा भी प्रवाहित होगी, ऐसा मेरा सोचना है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सामाजिकजन व सर्व समाज के भी गणमान्य लोग उपस्थित रहे व सनातनी धार्मिक हिंदी मेरी मां कर्मा फ़ल्मि देखकर माता कर्मा के जीवन से सीख लेने का प्रण किया।

### कर्मा माता की पूजा में विधायक कविता हुईं शामिल

**पवनी ।** माता कर्मा सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण की देवी है। भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन माता कर्मा ने अपना पूरा जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्य में समर्पित किया। भक्त माता कर्मा की कृष्ण भक्ति अनुकरणीय रही हैं। इसलिए आज पूरे राज्य में माता कर्मा की जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। आज ग्राम पंचायत पेंड्रावन एवं रिकोटार में आयोजित मां कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर साहू समाज के द्वारा निकाली गई झांकी में बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे शामिल होकर कर्मा माता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की।



हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### चेट्रीचंड्र पर्व पर क्विज देश-विदेश से ले रहे हिस्सा



**रायपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर सिंधी ब्लॉगर प्रशांत गावरी ने चेट्रीचंड्र पर्व के उपलब्ध में क्विज काम्पीटिशन की शुरुआत की है, जिसमें देश-विदेश से सिंधुजन क्विज में हिस्सा ले रहे हैं। प्रशांत ने बताया कि नई पीढ़ी को सिंधी समाज के रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार, परंपरा, सामाजिक व्यवस्था, रिश्तेदारी आदि की बेहद कम जानकारी है, ऐसे में वे समाजजनों को इससे रूबरू कराने में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया पर क्विज काम्पीटिशन के जरिए वे सिंधुजनों को महत्वपूर्ण जानकारियां देने प्रयासरत हैं। क्विज के विजेताओं को भगवान झूलेलाल की चांदी की तस्वीर भेंट की जाएगी।

### बीआईटी ग्राउंड में कार्यक्रम आज, शामिल होंगे सीएम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 7 अप्रैल को चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और चंड्र जी रात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की टीम ने बतौर मुख्य अतिथि 7 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड में शामिल होने आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए वहां आने की सहमति दी।

### गांजा बेचने ग्राहक तलाशते पकड़ा गया तस्कर



**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 25 हजार रुपए कीमत का ढाई किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक गुलाब कंडारा के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। गुलाब चंदनीडीह में गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहा था, इसी दौरान पुलिस ने उसे गांजा बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### चोरी के आरोप में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार



**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने चोरी के आरोप में एक नाबालिग समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में विकास उर्फ राहुल कुर्रे तथा उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने दो माह पूर्व एक हार्डवेयर दुकान में तथा होली के समय एक निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो लाख कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है।

### नर्सरी स्कूलों के रेगुलेशन आर्डर पर निजी स्कूल एसोसिएशन को आपत्ति

**रायपुर।** पूर्व माध्यमिक शालाओं के विनियमन आदेश को त्रुटिपूर्ण तथा पुराने आदेश की अवहेलना बताते हुए निजी स्कूल एसोसिशन ने आपत्ति की है। संचालक लोक शिक्षण को ज्ञापन सौंपकर इस पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने की मांग की गई है। निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा सचिव मोती जैन अपनी आपत्ति में तर्क दिया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नर्सरी शालाओं के रेगुलेशन से संबंधी कोई नियम शर्तें एवं पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं कर पाया है इसलिए इस आदेश का कोई आधार नहीं होगा। शिक्षा के अधिकार कानून नर्सरी स्तर की कक्षाओं पर अनिवार्य नहीं है। आदेश का पालन करते हुए अगर प्री-प्राइमरी शालों को यू डाइस नंबर दिया जाता है ।

# खेल-खेल में बच्ची निगल गई खुला सेफ्टी पिन, ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खेल-खेल में आठ साल की बच्ची सेफ्टी पिन निगल गई। खुला सेफ्टी पिन महीने भर बाद धीरे-धीरे उसकी आंत में जा फंसा और वह दर्द से कराहने लगी। जशपुर की इस बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए डीके अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने सर्जरी कर पिन बाहर निकाला।

परिजनों ने चिकित्सकों को बताया था कि असावधानी वश बच्ची सेफ्टीपिन गटक गई थी। बताया जाता है कि जशपुर जिले के फरसाबहार में रहने वाली संध्या के माता-पिता को सेफ्टी पिन निगलने की जानकारी तब लगी जब बच्ची पेट में दर्द की शिकायत करने लगी और रो-रोकर उसका बुरा हाल होने लगा था। परिवार वाले उसे लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे तो जांच में पता चला कि खुला हुआ सेफ्टीपिन बच्ची की आंत में जाकर फंस गया जिसकी वजह से वह पीड़ा से कराह रही है। चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए किसी बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। जनप्रतिनिधियों की मदद से संध्या को डीके अस्पताल लाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा के निर्देश पर पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. जीवन पटेल तथा एनीस्थिसिया विशेषज्ञ डॉ.लोकेश नेटी ने ऑपरेशन के माध्यम से सेफ्टी पिन को बाहर निकाला। थोड़ी दिन चिकित्सकों की निगरानी में रखने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## आंत में जा फंसा था, बेहद दर्द से थी पीड़ित

अलग खबर

### सप्ताहभर रखा भूखा

चिकित्सकों ने बताया कि सेफ्टी पिन अंतड़ियों में जा फंसा था। खाद्य पदार्थ का सेवन करने से वह मलद्वार को नुकसान पहुंचा सकता था। बच्ची को सप्ताहभर तक भूखा रखकर ऑपरेशन किया गया। जांच के दौरान उसे स्टोन की समस्या का पता चला था जिसकी भी सर्जरी कर उसे राहत दी गई।




### सावधानी जरूरी

उपअधीक्षक डा. हेमंत शर्मा ने बताया कि डीकेएस एकमात्र शासकीय अस्पताल के जहां बच्चों की एंडोस्कोपी की सुविधा है। सेफ्टीपिन की तरह के पूर्व में भी बच्चों द्वारा खेल-खेल में निगले गए सिक्के, स्क्रू बटन, बैटरी व ऑलपिन सर्जरी के माध्यम से बाहर निकाला गया है। छोटे बच्चों को विशेष निगरानी में रखना आवश्यक है।

## अप्रैल के पहले सप्ताह में राज्य के वनों में साढ़े तीन हजार से ज्यादा आगजनी की घटना

# शहर से लेकर जंगल तक आग से हाहाकार राज्य के आठ हजार वनक्षेत्र सुलग रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में तापमान 40 डिग्री पर पहुंचने के साथ ही शहर से लेकर जंगल में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। आग पर काबू पाने वन विभाग के दावों के मुताबिक पर्याप्त संख्या में फायर ब्लोवर के साथ ही हर वनक्षेत्र में फायर वाचर हैं। बावजूद इसके स्थिति बेकाबू होते जा रही है। राज्य के वनक्षेत्रों में एक सप्ताह के भीतर ही साढ़े तीन हजार से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। वनक्षेत्रों में जनवरी से लेकर छह अप्रैल की स्थिति में सात हजार 800 आगजनी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

वन विभाग के प्राप्त डेटा के मुताबिक राज्य के सभी 36 वनमंडल के वनों में आगजनी की घटनाएं घटित हो रही है। इस बार रायपुर वनमंडल के वनक्षेत्र में भी आगजनी की घटना सामने आई है। रायपुर वनमंडल के सौ से ज्यादा स्थानों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।



### 40 प्रतिशत से ज्यादा आगजनी अप्रैल में

राज्य के वनों में जनवरी माह से लेकर अप्रैल के बीच आठ हजार आगजनी की घटनाएं हुई है। इनमें से साढ़े तीन हजार से ज्यादा आगजनी की घटनाएं अप्रैल माह के पहले सप्ताह में हुई है। इस लिहाज से वनों में जो आगजनी की घटित हुई है, उनमें से 43 प्रतिशत आगजनी की घटनाएं अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में घटित हुई है।

### आने वाले समय में स्थिति और भयावह होगी

अप्रैल में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस होने पर जंगल में 43 फीसदी आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है, ऐसी स्थिति में मई तथा जून के दूसरे सप्ताह में राज्य का तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में जंगल में आग लगने की घटनाएं और बढ़ जाएंगी। जंगल में लगने वाली आग कोर एरिया तक पहुंचने लगा है, ऐसी स्थिति में वन्यजीवों के नुकसान होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। आग से बचने वन्यजीवों के जंगल से निकलने पर शिकार का खतरा बढ़ जाएगा।

### एक दर्जन से ज्यादा वनमंडल जहां सौ से ज्यादा आगजनी

राज्य के एक दर्जन वनमंडल के वनक्षेत्र ऐसे हैं जहां सौ से ज्यादा आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। इनमें से कई वनक्षेत्र ऐसे हैं जहां रिपिट आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। वन विभाग के अफसरों ने जहां रिपिट में आगजनी की घटनाएं घटित हो रही है, उन क्षेत्रों को संवेदनशील मानते हुए वहां विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। साथ ही वनअफसरों के अलावा फील्ड वर्करों का डे एंड नाइट गश्त लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### बस्तर रिजन में आगजनी कम होने का नाम नहीं

राज्य के वनक्षेत्रों में सबसे ज्यादा आगजनी की घटना बस्तर के जंगलों में घटित हो रही है। बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, बस्तर, पश्चिम भानुप्रतापुर में सबसे ज्यादा आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। बीजापुर में एक हजार से ज्यादा इसी तरह से सुकमा में पौने सात सौ स्थानों में आगजनी की घटनाएं घटित हुई है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बीजापुर से ज्यादा साढ़े 11 सौ स्थानों में आगजनी की घटनाएं घटित हुई हैं।

# मरीजों की ओपीडी पर्ची में दवा के साथ मतदाता जागरूकता संदेश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




बीमारी के इलाज के लिए सरकारी अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्र तक आने वाले मरीजों को ओपीडी पर्ची में दवा के साथ मतदान के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराने वाले संदेश भी मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अनूठी पहल करते हुए मतदाता जागरूकता संदेश के नियम को अनिवार्य किया है।

अपने मताधिकार का प्रयोग करना हर मतदाता की जिम्मेदारी है और इस बात का अहसास लोगों को कराने में स्वास्थ्य विभाग भी पीछे नहीं है। स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बीमारी की जांच के बाद उपचार के लिए जो दवा लिखी पर्ची दी जा रही है उसमें मतदान के संबंधित विभिन्न तरह के स्लोगन लिखे हुए हैं जो लोगों को अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के बाद होने वाले सुखद अनुभव का अहसास दिलाता है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रदेश में लागू है और विभिन्न सामाजिक संस्थाएं और विभाग लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्य कर रहे हैं जिसमें स्वास्थ्य विभाग भी शामिल हैं।

### इस तरह के स्लोगन का उपयोग

हमन सब परिवार कर हन इरादा, 7 मई 2024 को मतदान करे की वादा।। स्वास्थ्य विभाग रायपुर करता है अपील, 7 मई 2024 को मतदान कर करें गुड फील।।

जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी की पहल पर यह ओपीडी पर्ची में स्लोगन सिस्टम जिला अस्पताल पंडरी के साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र में लागू किया गया है।

### जागरूकता का प्रयास

ओपीडी स्लिप में मतदान के प्रति जागरूकता के संदेश के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों को ओपीडी पर्ची में इसका उल्लेख करने निर्देशित किया गया है

**डॉ.मिथिलेश चौधरी,**सीएमएचओ रायपुर

# नकली सोना गिरवी रखकर ठगी दो अंतर्राज्यीय जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ठगी करने वाले मुंबई के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जालसाजों ने राजधानी के पुरानी बस्ती, आरंग तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में तीन सराफा कारोबारियों से लाखों की ठगी को घटना अंजाम दिया है। पूछताछ में जासाजों ने पुलिस को बताया है कि वो देश के अलग-अलग शहरों में घूम-घूमकर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं।

मामले का खुलासा करते हुए एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने बताया कि ठगी के आरोप में मुंबई, थाणे निवासी साहेब बनर्जी, अक्षय सोनी को गिरफ्तार किया है। इन दोनों जालसाजों ने पिछले महीने विधानसभा थाना क्षेत्र के दोंदे में सराफा कारोबारी महेश कुमार थवाईत के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था। कारोबारी को जालसाजों ने जमीन खरीदने पैसों की जरूरत होने का झांसा देते हुए पौने सात तोला नकली सोने का ब्रेसलेट गिरवी रखकर ठगी की घटना को अंजाम दिया था। इसी पैटर्न पर जालसाजों ने आरंग तथा पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सराफा कारोबारी के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था।



### खास बातें

- राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र के ज्वेलरी शॉप में की है ठगी
- पकड़े गए जालसाज देश में घूम घूमकर करते थे ठगी
- ठगी करने जालसाज फ्लाइट से आते थे



### ठगी करने जासलाज फ्लाइट से आते थे

पुलिस के अनुसार जालसाज ठगी की घटना को अंजाम देने रायपुर के साथ देश के अलग-अलग शहरों में फ्लाइट से आवाजाही करते थे। पुलिस को इस बात की जानकारी जालसाजों के आने-जाने के सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से मिली। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अक्षय तथा साहेब ठगी की घटना को अंजाम देने एक बार फिर रायपुर आए हैं, तब पुलिस ने दोनों बदमाशों को एयरपोर्ट के रास्ते गिरफ्तार किया।

### विश्वास हासिल करने आधार कार्ड देते थे

जालसाज कारोबारी को विश्वास में लेने के लिए बाकायदा फर्जी नाम से बनाए आधार कार्ड भी देते थे, आधार कार्ड में चेहरा जालसाजों का रहता था, लेकिन नाम किसी अन्य का रहता था। पुलिस के अनुसार जालसाज जानबूझकर ज्यादा वजन के सोने के नकली जेवर महज डेढ़ दो लाख में गिरवी रखते थे, जिससे कारोबारी लालच में आकर जेवर गिरवी रखने को मजबूर हो जाए।

### नकली जेवर में भी हालमार्क

जालसाज नकली जेवर को असली साबित करने बेंटेक्स की ज्वेलरी की ऊपरी सतह पर सोने की पतली परत चढ़ा कर उसमें हालमार्क लगा देते थे। जेवर में हालमार्क देखने के बाद कारोबारी जेवर की बारीकी से पड़ताल नहीं करते थे और आसानी से जेवर गिरवी रख ठगी का शिकार हो जाते थे।

# शिव प्रकाश बोले- राष्ट्रवाद और अंत्योदय की भावना के साथ भाजपा का हुआ उदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कहा, 6 अप्रैल 1980 को आज से ठीक 44 वर्ष पूर्व भारत में राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत एक नए राजनीतिक दल का उदय हुआ। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

- भाजपा स्थापना दिवस पर एकात्म परिसर में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष देव ने किया ध्वजारोहण

शिव प्रकाश शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ एकात्म परिसर में ध्वजारोहण किया। शिव प्रकाश ने भारतीय जनता पार्टी की 44 वर्षों की राजनीतिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा आगामी



लोकसभा चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं को पहले से भी अधिक परिश्रम कर बेहतरीन नतीजे लाने के लिए अपना योगदान देना है और अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, भारत में सैकड़ों राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल हैं, लेकिन उनमें सबसे अलग स्थान भाजपा का है। इसका मूल कारण पार्टी की मूल विचारधारा है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक पुरंदर मिश्रा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

# कलेक्टर ने किया प्रशिक्षण वीडियो क्लिप सांग का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने शनिवार को एनआईटी में आयोजित पीठासीन अधिकारी के प्रशिक्षण सत्र में वीडियो और विभिन्न प्रक्रियाओं पर आधारित प्रशिक्षण सांग का विमोचन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा चुनाव का कार्य कुशलता पूर्वक कराया जा सके, इसलिए जिला प्रशासन ने विशेष वीडियो तैयार किया है, जिसे देखकर मतदान प्रक्रिया की बारिकियों को समझ सके। इसके साथ ही विशेष रूप से मतदान पप्रत्र बनाया है, जिसमें मतदान की प्रक्रिया को सरलीकरण ढंग से समझाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान हर



बारीकियों को अच्छे ढंग से समझें। अगर किसी भी तरह की शंका हो तो समाधान करें, ताकि मतदान के दौरान कोई परेशानी न हो। साथ ही मतदान प्रक्रिया का कविता के माध्यम से समझाने ऑडियो क्लिप का निर्माण किया गया है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग के मानकों पर आधारित मतदान की विभिन्न प्रक्रियाओं की छोटे-छोटे वीडियो क्लिप बनवाए है, जिसे राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के प्रायोगिक तौर विभिन्न प्रक्रियाओं को समझाया गया है।

# सुरक्षा मानकों के साथ संचालित होती है ईवीएम, विश्वसनीयता पर संदेह निराधार

**रायपुर।** अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा, निर्वाचन की पूरी प्रणाली में मीडिया सेतु के रूप में सशक्त भूमिका निभाती है। उसकी सक्रियता से न केवल मतदाताओं में निर्वाचन के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि वो निर्वाचन तंत्र को भी सजग और अधिक निष्पक्ष बनाए रखती है। उन्होंने मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए रायपुर के नवीन विश्राम भवन में निर्वाचन संबंधी एक दिवसीय उन्मुखीकरण तथा कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री क्षीरसागर ने कहा, आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) को लेकर कोई संदेह नहीं रह गया है। इस पर उठने वाली शंकाएं निराधार ही साबित हुई




हैं। उन्होंने बताया कि इसके संचालन के लिए निश्चित प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है जो पूर्ण रूप से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत होता है। पत्रकार निर्वाचन के दौरान अन्य विभागों के साथ ही अति आवश्यक सेवा में होते हैं। ऐसे में उनके मतदाता के तौर पर कर्तव्य पूरा करने में डाक मतपत्र की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी पहल है।

### इलेक्शन मशीनरी के सहयोग में उपयोगी- श्रीवास्तव

जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि कार्यशाला में दी गई जानकारी पत्रकारों को निर्वाचन संबंधी जानकारियों को प्रसारित व प्रचारित करने और इलेक्शन मशीनरी का सहयोग करने में उपयोगी होगी। इलेक्शन मशीनरी और इसमें लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेषज्ञता और निष्पक्षता संदेह से परे है। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल ने पेड न्यूज, मीडिया मॉनिटरिंग सेल तथा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के कार्यों के बारे में बताया।

# भगवान श्रीराम का पाठ करने से समस्याएं होती हैं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवती मां दुर्गा ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश को बनाया है और उन्हें अपनी शक्तियां प्रदान की हैं, जिसकी सहायता से वे सृजन, पालन और संहार का कार्य करते हैं। भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश को मां दुर्गा ने उत्कील महामंत्र प्रदान किया है, इससे वे अपने कार्य को भली-भांति संपन्न करते हैं। ये बातें महाब्रह्मर्षि श्रीकुमार स्वामी ने श्रीनगर स्थित मारुति मंगलम भवन में दो दिवसीय 6 से 7 अप्रैल को आयोजित प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में समागम के पहले दिन शनिवार को व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि जो भगवान श्रीराम का पाठ करता है,



उसे तत्क्षण ही सभी दुखों, रोगों और समस्याओं से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। समागम में श्रद्धालुओं के अनुभव सुनकर वहां उपस्थित डॉक्टर, वैज्ञानिक और बुद्धजीवी आश्चर्यचकित रह गए। समागम में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, धर्मिक संस्थाओं के विद्वानों, प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक क्षेत्र से संबंधित लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रभु कृपा ग्रहण की।

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** शहीद स्मारक खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सैन्य प्रशिक्षण ले रहे बच्चों द्वारा साफ सफाई की गई। इस अवसर पर शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### बेमचा में आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में चैत्र नवरात्रि पर शतचंडी यज्ञ एवं भागवत महापुराण एवं संगीत जगराता कार्यक्रम पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। बेमचा के खल्लारी मंदिर 9 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक शतचंडी यज्ञ एवं भागवत महापुराण एवं संगीत जगराता का कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व 8 अप्रैल को शाम चार बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### महासमुंद लोस में आज जनसंपर्क करेंगे मार्कंडेय

**महासमुंद।** लाभार्थी बस्ती



जनसंपर्क कार्यक्रम भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय महासमुंद लोकसभा के महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के गांवों में कार्यक्रम 8 अप्रैल सोमवार को रखा गया है। नदी मोड़ घोड़ारी सुबह 9 बजे, नांदगांव 10 बजे, महासमुंद वार्ड नं 14, कांपा 1 बजे, छिंदौली 3 बजे, बम्बूरडीह 5 बजे एवं लखनपुर 6 बजे पहुचेंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियरंजन कोसरिया व अनुसूचित जाति मोर्चा झलप-पटेवा मंडल महामंत्री देवेंद्र राय ने दी है।

### मौसम का बदला मिजाज हवा के साथ पड़ी बौछार

**नर्रा।** क्षेत्र में रविवार को प्रातः 9 और 10 बजे के बीच मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान पर बादल छा गए। हवा के साथ हल्का बारिश की छीटें पड़ी। दिन में धूप-छांव का दौर रहा है। दिनभर ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

---

**धर्म-कर्म : मां घंटेश्वरी दुर्गा मंदिर अर्जुंडा धाम में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी**

# 10 दिनों तक भंडारा, भागवत कथा और कंस दरबार कार्यक्रम कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आगामी 9 अप्रैल नवरात्र के दिन से अर्जुंडा धाम में मां घंटेश्वरी दुर्गा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी जोर-शोर से चल रहीं है। आगामी 9 से 18 अप्रैल तक प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगातार 10 दिन तक श्रद्धालुओं व भक्तगणों के लिए भंडारा और ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर को और आकर्षक रूप देने के लिए खूबसूरत विभिन्न प्रकार की लाइटों से सजाया गया है। साथ ही श्रद्धालुओं व बच्चों के मनोरंजनार्थ मीना बाजार, भागवत कथा, कंस दरबार, कीर्तन सहित छत्तीसगढ़ी और ओड़िया नृत्य का आयोजन लगातार 10 दिनों तक चलता रहेगा।

समिति के महासचिव जयप्रकाश साहू ने बताया कि आगामी 9 अप्रैल से 18 अप्रैल



माता की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। 10 दिनों तक दोपहर और रात को श्रद्धालुओं के लिए भंडारा की व्यवस्था की गई है। साथ ही 9 अप्रैल को 1100 महिलाएं भव्य कलश यात्रा में शामिल होंगी। शाम 4 बजे घंटेश्वरी मंदिर अर्जुंडा धाम से कुटेला चौक स्थित निवास पर लगभग 10 हजार लोग प्राण-प्रतिष्ठा के लिए माता की मूर्ति लेने पहुंचेंगे। जय प्रकाश साहू ने बताया कि प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक भागवत कथा और रात 8 से 10 बजे तक कंस दरबार लगेगा। साथ ही मीना बाजार और छत्तीसगढ़ी और उड़िया नृत्य का भी आयोजन किया।

ज्ञात हो कि सरायपाली से 3 किलोमीटर दूर स्थित अर्जुंडा ग्राम की जगह अर्जुंडा धाम के रूप में जाना व पहचाने जाने लगा है। यह पठार व पहाड़ी क्षेत्र कभी सुनसान हुआ करता था। पथरीली पहाड़ होने की वजह से यहां मकान के नींव में लगने वाले पत्थरों की तुड़ाई मजदूरों द्वारा की जाती थी। एक समय था जब छेनी, हथौड़ी व घनों की आवाजों से पत्थरों की तुड़ाई कर उसे तराशा जाता था। किंतु, अब समय के साथ बदलते माहौल में अब वहां छेनी, हथौड़ी व घनों की कर्कश आवाजों की जगह अब मंदिरों से आने वाली सुंदर भजनों व कर्णप्रिय घंटियों की आवाजों से आसपास का पूरा माहौल ही बदल गया है। 2 वर्षो पूर्व ही इन्हीं पहाड़ों की तलहटी में श्याम बाबा का विशाल परिसर में भव्य व आकर्षक मंदिर स्थापित किया गया। इस मंदिर के निर्माण से आसपास पूरी रौनक बढ़ गई। आए दिनों विभिन्न धार्मिक आयोजनों के चलते लगातार भक्तगणों व श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देती है। अब इस कड़ी में श्याम बाबा के मंदिर निर्माण के बाद मुख्य मार्ग के किनारे स्थित मां घंटेश्वरी देवी का प्राचीन मंदिर स्थित था।

## अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए विधायक अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर के टिकरापारा वार्ड क्रमांक 13 एवं ग्राम बरबसपुर में आयोजित अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में रविवार को बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल शामिल हुए।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, सुरेश डड़सेना, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेंद्र साहू, पार्षद पिंटू अरोरा, मुकेश जोशी, गोपेश डड़सेना, वीके प्रधान आदि तथा ग्राम बरबसपुर में महाराज नित्यानंद मिश्रा, यजमान सुदर्शन सरिता साहू, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता राजेश अवस्थी, लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष गजेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, व्यापारी संघ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुरारी अग्रवाल, पूर्व पार्षद डिंपल सिंह छाबड़ा, पार्षद महेंद्र अरोरा, सांसद प्रतिनिधि कामेश बंजारा, भाजपा मीडिया प्रभारी नवीन साव, मुकेश जोशी, आकाश सिन्हा, गढफुलझर मंडल अध्यक्ष माधव साव, सांसद प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, मंडल उपाध्यक्ष सुंदरमणि मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष रुकमणि पटेल, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश बारीक, जिला पंचायत सदस्य वृंदावती पांडे, जनपद पंचायत बसना सभापति देवकुमारी पटेल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष तारेश्वरी नायक, जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीता सतपथी, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, पूर्व जनपद सदस्य कैलाश अग्रवाल, जनपद सदस्य ताराचंद साहू, जनपद सदस्य जगजीत अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष बंशीधर मुखर्जी, बूथ अध्यक्ष महेंद्र सोनी, मंडल उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग सुरेश बारीक, बिसीकेशन भोई, कुंजबिहारी बारीक,कुमर बारीक, कांशीराम बारीक, प्रदीप साहू, रामजी भोई,नयन साहू, अश्वनी साहू, गोकुल बारीक आदि मौजूद रहे।

## जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के नई बॉडी का गठन स्थानीय वैशाली रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक के रूप में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं सह संरक्षक महासमुंद कलेक्टर, अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश ध्रुव, उपाध्यक्ष योगेश सोनी, अनूप उपासे, कमलेश चिंदा, गौरव चंद्राकर, सचिव घनश्याम सोनी, सह सचिव देवेंद्र चंद्राकर, राजा गुरुदत्ता जगमीत रॉय, संजय तिवारी, मलकीत मक्कड़, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष संदीप साहू, विधिक सलाहकार विवेक दवे, कार्यकारी सदस्य शौर्य श्रीकांत साहू, मयंक श्रीवास्तव, केशव शर्मा, अरिन चंद्राकर, शुभ कोठारी, आदित्य जैन, आशीष वर्मा, गिरीश विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। साथ ही वर्षभर में होने वाले बैडमिंटन खेल आयोजन व भाग लेने के संबंध में चर्चा की गई। संरक्षक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सदस्यों के मनोनयन पर हर्ष जताया। उक्त जानकारी जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी। विधिक सलाहकार जितेंद्र लालवानी एव विशेष सलाहकार विवेक दवे होंगे।

### शीतला मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम लाफिनखुर्द स्थित मां शीतला मंदिर में ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी। ज्योत प्रज्वलित एवं पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ 9 अप्रैल को पूर्वान्ह 11.36 बजे से 12.24 बजे तक होगा। साथ ही 13 अप्रैल को पंचमी, 15 अप्रैल को सप्तमी, 16 अप्रैल को अष्टमी हवन पूजन तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद टंडन, उपाध्यक्ष शिव कुमार निषाद, सचिव चंदन साहू ने बताया कि ग्रामीण व भक्तगण चैत्र नवरात्र की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## मतदाता जागरुकता को लेकर विविध कार्यक्रम, स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़) डॉ अशोक कुमार श्रोती रासेयो क्षेत्रीय निदेशक भोपाल एवं डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शहीद दिवस श्रृंखला में तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तृतीय दिवस 7 अप्रैल 2024 को तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का समापन हुआ।

इसमें निर्भय साहू अपर कलेक्टर एवं मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी, डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो एवं जिला समन्वयक स्वीप मंचस्थ रहे। सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचस्थ अतिथियों को रासेयो बैच, पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि शहीद दिवस की श्रृंखला में स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरुकता की तीन दिवसीय कार्यक्रम में चार महाविद्यालय के 250 स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया।

प्रथम एवं द्वितीय दिवस की संक्षिप्त में जानकारी प्रदान किया गया। तृतीय दिवस में सभी इकाइयों के स्वयंसेवकों ने पोस्टर



में 25, रंगोली में 12, नुक्कड़ नाटक सभी महाविद्यालय, लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता में 20 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। हमारा उद्देश्य शत प्रतिशत मतदान करना है, रासेयो युवा स्वयंसेवक पहले घंटा, पहले वोट का लक्ष्य को पूरा करेंगे। निर्भय साहू द्वारा विगत 3 दिनों से चल रहे मतदाता जागरुकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम की सराहना करते हुए युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सभी स्वयंसेवक को प्रोत्साहित किया गया। अपर कलेक्टर निर्भय साहू द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदान शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी स्वयंसेवक जो लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे है उससे अवश्य हमारा शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा हो जाए। सभी उपस्थित अधिकारी व स्वयंसेवकों द्वारा 100 प्रतिशत वोट का मानव श्रृंखला बनाया गया। महाविद्यालय में सेल्फी जोन भी बनाया गया।

### प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा पटेल श्याम बालाजी कॉलेज, द्वितीय चारुलता चंद्राकर शांत्रीबाई महाविद्यालय, तृतीय प्रभा यादव शासकीय पीजी कॉलेज, रंगोली में प्रथम सोहद्रा साहू इंडियन कॉलेज, द्वितीय अनिका साहू श्याम बालाजी कॉलेज, तृतीय तृप्ति यादव शांत्रीबाई महाविद्यालय, भाषण में प्रथम योगिता सोनी श्याम बालाजी कॉलेज, द्वितीय दिनेश साहू शासकीय पीजी कॉलेज, तृतीय गोपाल दीवान (विकलांग) इंडियन कॉलेज, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय पीजी कॉलेज, द्वितीय श्याम बालाजी कॉलेज, तृतीय स्थान शांत्रीबाई कॉलेज महासमुंद रहे।

### स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र वितरित

समस्त महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में 250 स्वयंसेवक सहित कार्यक्रम अधिकारी निर्मल बंजारे श्याम बालाजी कॉलेज, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज, गायत्री चंद्राकर शांत्रीबाई कॉलेज उपस्थित रहे। आभार व्यक्त अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी व कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी शासकीय पीजी कॉलेज ने किया।



### राम पाठ कार्यक्रम में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** कोसरंगी में आयोजित राम पाठ कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद उनके ननिहाल की धरती को मिले, मेरी यही प्रार्थना है। प्रभु राम के आशीर्वाद से क्षेत्र में समृद्ध और खुशहाल हो। तुषार ने कहा कि रामायण रूपी दर्पण से कुछ गुणों कुछ खास बातों का ध्यान में रखकर मर्यादा एवं अनुशासन वाला जीवन जीना चाहिए। इससे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। रामायण एक राजपरिवार और राजवंश की जीवनी है, जो पति-पत्नी, भाई और परिवार के अन्य सदस्यों के आपसी रिश्तों के आदर्श पेश करती है। मंच संचालक मोहन सागर ने किया। संरक्षक ठाकुर, राम साहू, चेतराम साहू, उत्तम साहू, हिमांशु साहू, हितेश साहू आदि मौजूद रहे।

## खिलौनों के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

खिलौना आधारित कार्यशाला में शासकीय प्राथमिक शाला बोडेसरा के छात्रों को माचिस की तिल्लियों से मानव कंकाल बनाने के गुण सिखाया गया। उन्होंने बच्चों के बौद्धिक विकास और उनमें रचनात्मकता पैदा करने और समस्या को सुलझाने के कौशल को निखारने में खिलौनों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सीखने-सिखाने के संसाधन के रूप में खिलौनों में अध्यापन कला को बदलने की क्षमता है और खिलौना



आधारित शिक्षण का उपयोग माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को सिखाने के लिए आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलौने हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को समझने में मदद करते हैं और बौद्धिक व भावनात्मक विकास को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलौना आधारित कार्यशाला में विभिन्न खिलौना बनाना सिखाया। जिसमें सरल से सरल और कम लागत या घर से उपलब्ध हो सके। उन चीजों से खिलौना बन सके तथा बच्चों के पढ़ाई में उपलब्ध हो सके। जिससे छात्र छात्राएं उसको पाठ्य गतिविधि में शामिल कर सही उपयोग कर सकें एवं नवाचारी में यह माचिस की तिल्लियों से मानव कंकाल बना कर बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास में सहायक हो बच्चों ने इस गतिविधि को बहुत ही रोचक से किया।



### भाजपा स्थापना दिवस पर बांटी गई मिठाई

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर वार्ड नं. 14 में स्थापना दिवस मनाया गया। मिठाइयां बांटी गई। पार्टी के पक्ष में नारेबाजी की गई। वार्ड में जनसंपर्क किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ठ महासमुंद के जिला संयोजक व पार्षद देवीचंद राठी, भाजयुमो जिला महामंत्री अमन वर्मा, बूथ क्रमांक 170 प्रभारी पलाश यादव, भूपेंद्र देवांगन, अभिषेक चंद्राकर, राकेश भोई आदि उपस्थित रहे।

### तेंदूकोना में 9 से शिव महापुराण कथा

**तेंदूकोना।** वार्ड 2 में 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पंडित डिगेश्वर



प्रसाद तिवारी बीकेबाहरा ( खल्लारी ) व पारायणकर्ता पंडित गोपाल प्रसाद तिवारी बीके बाहरा ( खल्लारी) होंगे। कथा सप्ताह के प्रथम दिवस मंगलवार को कलश यात्रा, देव स्थापना, शिव महापुराण की महिमा, द्वितीय दिवस को शिवलिंग की महिमा, त्रिपुंड व रुद्राक्ष धारण, तृतीय दिवस नारद मोह, विष्णु को शाप देना व सती कथा, चतुर्थ दिवस सती चरित्र, पार्वती जन्म कथा, शिव विवाह उत्सव, पंचम दिवस गणेश व कार्तिकेय का जन्म कथा, एवं तारकासुर वध, षष्ठ दिवस अर्धनारीश्वर कथा एवं त्रिपुरासुर का वध के साथ सप्तम दिवस को बारह ज्योतिर्लिंग कथा, भस्म कथा, हवन पूजन, पूर्णाहुति, शोभायात्रा, महाभंडारा भोजन प्रसादी वितरण के साथ कथा सप्ताह की समापन होगी।

## ब्रम्ह समाज ने निर्भय होकर मतदान करने की ली शपथ

### दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान करने करेंगे प्रेरित, कार्यक्रम में जुटी समाज की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ ब्रम्ह समाज की महिलाओं द्वारा संरक्षक रंजना शर्मा एवं अरुणा शुक्ला के निर्देशन में राजेश्वरी तिवारी अध्यक्ष के संयोजन में निर्भय होकर मताधिकार प्रयोग करने का संकल्प लिया और शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति



समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग करेंगे एवं दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। निरंजना शर्मा उपाध्यक्ष द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर मधु तिवारी, प्रीति शर्मा, कल्पना शर्मा, विनती शर्मा, डॉली शर्मा, उषा शर्मा, वंदना दुबे, मंजू शर्मा, रोशनी पांडे, मनीष चतुर्वेदी, तृप्ति दुबे, सुनीता दीवान, राज बाजपेई, कुमुद दुबे, राखी पांडे, कुमकुम शुक्ला, राजेश्वरी दीवान, बिंदु आचार्य आदि उपस्थित थे। सभी उपस्थित सदस्यों ने 26 अप्रैल को निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।

## पेज 7 के शेष

### इंजीनियर और चॉइस...

पाना बहुत ही मुश्किल होता था। उक्त गिरोह को पकड़ने में निरीक्षक अमित पाटले सउनि ईश्वर टोप्पो, प्रधान आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, कृष्णा जांगडे, अजय साहू, तिलक चंद्रवंशी, धनंजय देवांगन, हरेन्द्र कोसरे का सराहनीय योगदान रहा। आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिसमें जिले में घटित मोटरसाइकिल चोरी की सिलसिलेवार कई अन्य घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है।

### ग्राहकों को नहीं

मोटरसाइकिल बेचने का भी काम कर रहा था। थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा इस चोर गिरोह के 06 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ पर अब तक चोरी की 55 मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता मिली है।

### राज्य स्तरीय कराते ...

सचिव महेश राजपूत, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे,विपिन साहू, प्रतीक दिवेदी, गौरव साहू, दिनेश साहू, लिनिमा साहू, शिवम तिवारी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### आग में जलने से मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति की आग में जलने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया पंचुराम पिता मुखराम नायक (50) निवासी भालूपतेरा आग में जल गया था। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बसना लाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### महुआ शराब जब्त, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। पहले मामले में अरकेल से कुडेकेल जाने रास्ते पर आरोपी बिलास कुमार रात्रे पिता परऊ (42) कुडेकेल, बसना के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया गया है। वहीं दूसरे मामले में जबलपुर पंडरीपानी मार्ग पर पेड़ के नीचे शराब बेच रहे आरोपी सदानंद पिता सोनसाय (27) निवासी पंडरीपानी के कब्जे से 2160 एमएल अंग्रेजी शराब कीमत 1440 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने देवलभाठा मार्ग किसड़ी से आरोपी खिरोद्र यादव पिता सुंदरलाल (38) निवासी देवलभांठा के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 10 को

**धमतरी।** श्रीकृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 10 अप्रैल को शाम 5 बजे से महाविद्यालय भवन पुराना जनपद भवन में रखा गया है जिसमें वरिष्ठ संगीतज्ञ एवं वायलिन वादक कीर्ति माधव व्यास भिलाई संगीत चर्चा और वायलिन वादन प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन वादन एवं नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा।

### लूट, आर्म्स एक्ट में एक अपचारी सहित तीन गिरफ्तार

**महासमुंद।** थाना तुमगांव में आर्म्स एक्ट एवं लूट के दो मोबाइल के साथ एक अपचारी बालक सहित तीन लोगों को पकड़ा गया। तीनों के खिलाफ दो मामले में 341,394.34 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज था। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल और चाकू जब्त कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ


**महासमुंद।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। 'हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# हाइकोर्ट का आया निर्णय, हजारों सहायक शिक्षकों का भविष्य अधर में लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां

छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान समय में बीएड, डीएड का केस गरमाया हुआ है। जब 2 अप्रैल 2024 को हाईकोर्ट बिलासपुर का निर्णय आया तो शिक्षक वर्ग स्तब्ध हो गया। हाइकोर्ट ने अपने निर्णय में कहा की बीएडधारी अभ्यर्थी अब शासकीय शिक्षक नहीं होंगे। इस तरह इन्हें अयोग्य ठहरा देने से लगभग 4000 बीएड डिग्रीधारी नियुक्त सहायक शिक्षक के जीवन अधर में लटक गए। इसे लेकर छग प्रदेश शिक्षक संघ ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अवसर प्रदान करने का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा है की 2023 में शिक्षक, सहायक शिक्षक, एवं व्याख्याता के 12489 पदो पर भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था। नियम के तहत भर्ती विज्ञापन में सहायक शिक्षक हेतु योग्यता 12वीं, बीएड या डीएड तथा टेट उत्तीर्ण होना चाहिए कहा गया था। इस नियम के तहत इन्होंने आवेदन किया था और शिक्षा विभाग में इनकी नियुक्ति हुई थी।साथ ही शालेय शिक्षक संघ ने भी चयनित सहायक शिक्षक का पक्ष लिया है। बीएड सहायक शिक्षक अभ्यर्थीयों में मुख्य रूप से हरशंकर देवांगन, सुभम चंद्राकर, मिलन, संकल्प वर्मा, अर्जुन सिंह, काजल मासिया, विनोद जयसवाल, सिया राम, ज्योति डहरिया, लेमन देवांगन, आशा इक्का,हरिशंकर इत्यादि ने न्यायालय व राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से एक बार बहाल करने की मांग की है।

## शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन, मंत्री से मिला आश्वासन



### 4000 बीएडधारियों के जीवन में आया भूचाल

इधर हाईकोर्ट के निर्णय आने के पूर्व ही छत्तीसगढ़ के लगभग 4000 बीएड धारियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई तथा वे 6–7 माह से बस्तर एवं सरगुजा के दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे है। 2 अप्रैल को हाईकोर्ट के द्वारा छत्तीसगढ़ के चयनित बीएड अभ्यर्थियों को बाहर करने के निर्णय आने के बाद चयनित सहायक शिक्षकों के जीवन में भूचाल आ गया। किसी की शादी टूट गई तो कोई तनाव का शिकार हो गया, कोई होम लोन, कार लोन ले चुका है तो कोई पर्सनल लोन। इन सभी को अपने साथ अपने पूरे परिवार के जीवन की चिंता सताने लगी है। ऐसे में सभी चयनित सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से एक बार अवसर प्रदान करने की गुहार लगा रहे है। जिससे उच्चतम न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती के साथ रखा जा सके और उनकी नौकरी बचाई जा सके। जिसके परिणाम में मंत्री के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

## जागरूकता : घर-घर जाकर मतदान का विकल्प दिया गया है

# वृद्धजन-दिव्यांग व असक्षम मतदाता घर से करेंगे मतदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर–घर जाकर मतदान का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन, असक्षम, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मत पत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है।

अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। जिले में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता घर में वोटिंग करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराया जाएगा। ऐसे विकल्प भरे हुए मतदाता को निर्धारित तारीखों में अपने घर में मतदान हेतु उपस्थित रहना होगा। मतदाता अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी से पूछकर पूरी प्रक्रिया को समझ सकते हैं।

### मतदान के लिए बिहान समूह की महिलाएं कर रहीं जागरूक

**पवनी।** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान के महत्व को ग्रामीण, शहरी, दिव्यांग, युवा, सभी प्रकार के मतदाताओं को समझाने और उनके मतदान के उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु बीएलओ और बिहान समूह की महिलाओं ने अपना एकमात्र उद्धेश्य बना लिया है। निर्वाचन गतिविधियों में वे सम्मिलित होकर लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व को जन–जन तक पहुंचाने के लिए एक सेतु का कार्य कर रही हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गोड़म में बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत सामूहिक मतदाता शपथ ली। इसके साथ ही गांव की गलियों में सारंगढ़, बिलाईगढ़, सब्बो जाबो बोट देहे बर का नारा लगाई। गांव के खेत–खलिहान क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों के कार्यस्थल में भी मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से यह जनजागरूकता के लिए अभियान के रूप में पूरे जिले में किया जा रहा है।

### आज होगी मतदाता जागरूकता दौड़

**सिमगा।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय जागरूकता दौड़ प्रतियोगिता आयोजन आज 8 अप्रैल सोमवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा से तिल्दा फ्लाई ओवर तक दौड़ रखा गया है। जिसमे सिमगा के शासकीय एवं अशासकीय स्कूल व विकासखण्ड मुख्यालय के आसपास के स्कूलों एव कालेज से लगभग 200 विधार्थी तथा सिमगा के समस्त कार्यालय जनपद पंचायत, नगर पालिका, स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, तहसील विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, शास–अशासकीय स्कूल के शिक्षक, समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। दौड़ का प्रारंभ एसडीएम सिमगा के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया जायेगा। जिसका प्रभारी एसके गेंदले विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा, नोडल गजेंद कुमार साहू व्यायाम शिक्षक, सहायक नोडल सहस राम पाटकर होंगे।



# ग्रामीण अंचलों में श्रीराम नाम की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पलारी से लगे भवानीपुर खपरी सहित अंचल के ज्यादातर ग्रामों में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य भगवान श्री राम का ननिहाल है और यहां के रहवासियों के जीवन में राम नाम रचा बसा है। प्रत्येक वर्ष जब प्रदेश के किसान जब अपने फसल को बेचकर किसानी कार्य से कुछ समय के लिए खाली होते हैं तो वे चार धाम यात्रा, कुंभ यात्रा के साथ-साथ श्री राम नाम जपने हेतु अपने अपने ग्रामो में रामायण का आयोजन करते है। इसमें जहां पूरे प्रदेश के रामायण व्याख्याकार, संगीतकार सहित पूरे टीम रामायण गान के लिए लगातार एक के बाद एक ग्राम जाते हैं और वही गांव के कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन-भजन करते हुए सुबह-शाम ग्राम भ्रमण किया जा रहा है। गांव की मातृशक्तियों द्वारा अपने–अपने घर के सामने रंगोली बनाकर, दीपक सजाकर उनका स्वागत कर रहे हैं। सभी टोलियों का मान सम्मान करते है। उसी प्रकार ग्राम भवानीपुर खपरी में श्रोतागण रात भर रामायण सुन रहे हैं। इस अवसर पर मोतीराम ध्रुव, ओंकार प्रसाद साहू, नारायण निषाद, मुखीराम साहू, सेवकराम साहू, दिलेश ध्रुव, सीताराम साहू, परमा पटेल, रघुवर दास वैष्णव, शनि ध्रुव, सोनू साहू, दुखुराम परदेशी यादव, दाऊलाल, दूजराम बलराम निषाद, रायसिंह, भीम निषाद, त्रिलोचन यादव, शीतल निषाद सहित ग्रामीण आयोजन में शामिल हैं।

■ अधिकांश ग्रामों में अखंड रामायण पाठ का हो रहा आयोजन

### चरौदा में बह रही श्री राम नाम की गंगा

**पलारी।** ग्राम चरौदा में शिव मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा पांच दिवसीय राम चरित मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। रविवार को उपस्थित मंडलियों द्वारा राम नाम की कथा व मधुर संगीतमय भजन कीर्तन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आये हुए व्याख्याकारों ने कर्म, ज्ञान, भक्ति, वैराग्य का वर्णन करते हुए जनमानस को आनंदित किया। वहीं मधुर संगीतमय भजन आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# संजय बने मेरी मां कर्मा फिल्म के प्रचारक

**पवनी।** तैलिक वंश की आराध्य देवी, जगकल्याणी माता कर्मा की जीवनी और भक्ति पर आधारित हिन्दी फीचर फिल्म मेरी मां कर्मा 5 अप्रैल चैत्र कृष्ण–11, पापमोचनी एकादशी कर्मा जयंती पर्व पर देशभर के सभी सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित हुई। छत्तीसगढ़ के कसडोल निवासी डीएन साहू और यूके साहू इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बड़े पर्दे की इस ऐतिहासिक और धर्म–कर्म–अध्यात्म पर केंद्रित फिल्म को देखने लोग लालायित हैं। फिल्म के स्टार प्रचारक संजय साहू ने बताया कि भक्तिभाव से परिपूर्ण पारिवारिक फिल्म है। इसके प्रचार प्रसार के लिए राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, तहसील, परिक्षेत्र और गांव–गांव में हजारों स्टार प्रचारक द्वारा डिजिटल सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, बैनर पोस्टर एवं जगह जगह में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन–जन तक फिल्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं।



फिल्म रिलीज होने के पहले ही जिस तरह का माहौल बना है, उससे इस धार्मिक फिल्म को अपार सफलता मिलने की संभावना है। चलचित्र का मानव जीवन में गहरा प्रभाव पड़ता है। हम अपने समृद्ध इतिहास को जानेंगे नहीं, तब मानेंगे कैसे? इसी क्रम में इस फिल्म का निर्माण किया गया है। इतिहासकारों द्वारा उपेक्षित माता कर्मा की जीवनी को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस फिल्म का निर्माण कराया गया है।

## छड़िया में कर्मा जयंती की रही धूम...



**पलारी।** साध्वी भक्त माता कर्मा जयंती अंचल के प्रत्येक गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी तारतम्य में समीपस्थ ग्राम छड़ीया में भी भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। एक दिन पूर्व ही तेली वंश के लोगों द्वारा कर्मा जयंती की तैयारी कर ली गई थी। सुबह से कार्यक्रम स्थल पर एकत्र होकर मां कर्मा की स्तुति गान कर विधिवत पूजा–अर्चना की गई। पश्चात बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सभी ने एक स्वर में मां कर्मा के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया तथा प्रसादी ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष प्रेम लाल साहू, उपाध्यक्ष साधराम साहू, कोषाध्यक्ष पुनीराम साहू, संरक्षक चोलराम साहू, दीनदयाल साहू, महेशराम, मयाराम, राधेश्याम, सुरेश, पवन, उमेश, जगनूराम साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

# रिटायर्ड व्याख्याता रघुनाथ प्रसाद पटेल हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जयंती महोत्सव के अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम मंडी रोड स्थित मंगल भवन में रखा गया। जिसमें नगर के सेवानिवृत व्याख्याता रघुनाथ प्रसाद पटेल का सम्मान आए हुए अतिथियों छगनलाल मुंदड़ा के साथ ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रकाश मोदी, नवीन गदिया आदि के द्वारा दुपट्टा, मोमेंटो एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक भेंट कर किया गया।

# घिरघोल में क्रिकेट स्पर्धा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी के समीपस्थ ग्राम पंचायत घिरघोल में टेनिस बाल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 8001 रुपये आयोजक समिति द्वारा व द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपये महेन्द्र नाथ साहू व हेमकुमार साहू द्वारा तथा शील्ड रुद्र कुमार, सौवेन्द्र सागर, पुष्पेन्द्र साहू द्वारा दिया जाएगा। उक्त अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमकुमार साहू, उपसरपंच गुलाब सिंह साहू, चंद्रिका साहू, विष्णु दास वैष्णव, सोमेश साहू, बलदाऊ साहू, द्वारा पूजा-अर्चना कर मैच का शुभारंभ किया गया। राहुल चंद्रकार, महेंद्र साहू, हरिशंकर चंद्रकार, जित्तू चेलक, धनराज चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# होली मिलन में महिलाओं ने खेली फूलों से होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पलारी के साहू भवन में कांग्रेसियों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पलारी नगर के प्रत्येक वार्ड से महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्रित हुई। महिलाओं को संबोधित करते हुए हितेंद्र ठाकुर ने कहा की होली आपसी प्रेम और सद्भावना का पर्व है।



होली के दिन माताओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है, इसलिए आज मैत्रीपूर्ण वातावरण में नगर की सभी महिलाएं एकत्रित होकर आपस में प्रेम और सौहार्द स्थापित करने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान की है। आगामी समय में लोकसभा चुनाव होना है जिसमें हमारे कांग्रेस पार्टी ने जांजगीर लोकसभा से सबसे चहेते पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को क्षेत्र में आपकी सेवा के लिए भेजा है। श्री ठाकुर ने कांग्रेस की आगामी केंद्रीय योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 7 मई को जांजगीर लोकसभा से कांग्रेस के पक्ष में अपना कीमती वोट देकर शिव भईया को भारी मतों से विजयी बनाना है। कार्यक्रम में अंचल की सुप्रसिद्ध गायिका मुकेश्वरी धीवर और टीम द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुति हुई। जिस पर महिलाओं ने नृत्य करते पुष्प वर्षा करते हुए सद्भावना होली खेली। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, साधराम साहू, पार्षद पुष्पा बंजारे, सेवती धीवर, जानकी, कुंती साहू, संतोष देवांगन, शिवा साहू, शेरखान, पिंटू वर्मा, ऋषि साहू, पुनीत रजक, हर्षु वर्मा, सौरभ वर्मा, संदीप ठाकुर, दीपक वर्मा, बाबा खान, कुमार धीवर, तोषण साहू, जोइधा वर्मा, सोहगी सारथी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

